aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र

कक्षा 4

हिन्दी

अधिकतम अंक: 60 अवधि : 2.5 घंटे

सामान्य निर्देश :

1. सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न पत्र को चार भागों में बांटा गया है:

   खंड अ : पठन-16 अंक
   खंड ब : लेखन-12अंक
   खंड स : व्याकरण-12 अंक
   खंड द : पाठ्य पुस्तक-20 अंक

4. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित किए गए हैं।

खंड अ : पठन

1. दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए **4x2=8**

आज नफीसा पहले दिन विद्यालय जा रही है । वह मां का हाथ पकड़ कर स्कूल जा रही है। उसने माँ से कहा, "अब मैं बड़ी हो गई हूं।" पर मां ने उसका हाथ कसकर पकड़े रखा। स्कूल के पास पहुंचते ही नफीसा को बहुत सारे बच्चे दिखाई दिए। कुछ बच्चे बस से आ रहे थे, कुछ कार से आ रहे थे। कुछ बच्चों को नफीसा ने रिक्शा से उतरते भी देखा और कुछ तो साइकिल से ही आ रहे थे ।कुछ बच्चे तो नफीसा की तरह पैदल ही आ रहे थे । जैसे ही नफीसा गेट के पास पहुंची माँ ने उसका हाथ छोड़ दिया और बोली , अब यहाँ से तुमको अंदर अकेले ही जाना है ।पर वह इतने सारे अनजान चेहरे देखकर डर गई ।वह एक कदम आगे बढ़ती और पीछे मुड़ मुड़कर मां को देखती।उसे अंदर अकेले जाने में डर लग रहा था। तभी उसकी अध्यापिका बाहर आती है और

docs.aglasem.com

aglasem.com

नफीसा को देख कर मुस्कुराती है।इससे नफीसा का डर कुछ कम हो गया और उसने मां से कहा अब तुम जाओ और छुट्टी के समय मुझे यहीं मिलना। इतना कह कर वह अध्यापिका के साथ अंदर चली गई।

अब दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए ।

(i) नफीसा किसके साथ स्कूल गई थी ?

(a) माँ के साथ b) पिताजी के साथ c) दादाजी के साथ d) बहन के साथ

(ii) "अब मैं बड़ी हो गई हूं" यह वाक्य किसने कहा?

(a) माँ ने b) नफीसा ने c)नफीसा की सहेली ने d) माँ ने

(iii) नफीसा अपने स्कूल कैसे गई थी?

.(a) साइकिल से b) रिक्शे से c) कार से d) पैदल

(iv) माँ ने नफीसा का हाथ कब छोड़ दिया?

(a) घर से निकलते ही b) घर के गेट पर c) स्कूल के गेट पर d)अध्यापिकाके कहने पर

प्रश्न **2 :** दी गई कविता की पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए

4x2=8

कुछ जोकर-से तोंद फुलाए
कुछ हाथी से सूंड उठाए
कुछ ऊंटों से कूबड़ वाले
कुछ परियों से पंख लगाए

आपस में टकराते रह- रह
शेरों से मतवाले पागल

कुछ तो लगते हैं तूफानी
कुछ रह रहे करते शैतानी
कुछ अपने थैलों से चुपके

docs.aglasem.com

aglasem.com

झर झर झर बरसाते पानी

नहीं किसी की सुनते कुछ भी
ढोलक ढोल बजाते बादल

दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :

i) इन पंक्तियों में किसके के बारे में बात की गई है?

(a) बादल b) ढोलक c) गर्मी d) मोर

ii)बादलों के थैलों में क्या है ?

(a)मोती b) पानी c) ढोलक D) खिलौने

iii) बादलों ने किसके समान पंख लगाए हुए हैं?

(a) चिड़ियों b) तितलियों c) पारियों d) मोर


iv) किसी की भी ना सुनते हुए बादल क्या बजाते हैं ?

(a) बाजा b) बाँसुरी c) ढपली d) ढोलक

SECTION B : लेखन

प्रश्न **3.** दिए गए संकेतों की मदद से वर्षा ऋतु पर एक अनुच्छेद लिखिए ।

(6)



docs.aglasem.com

aglasem.com

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

या

पेड़ों हमारे लिए जरूरी हैं। वे अलग-अलग आकार के होते हैं ।वे हमें बहुत कुछ देते हैं ।इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए दिए गए विषय पर 5 से 6 वाक्य लिखिए ।

"पेड़ हमारे मददगार"

_____

_____

_____

_____

_____

docs.aglasem.com

aglasem.com

_____

_____

प्रश्न 4. बीरबल अकबर का पसंदीदा मंत्री था क्योंकि उसमे कुछ गुण थे । बीरबल के कुछ गुण यहाँ दिए गए हैं। **(6)**

हाजिरजवाब , बुद्धिमान , समझदार , सबका ध्यान रखने वाला , ईमानदार ,

इन गुणों को ध्यान पूर्वक पढिए । अब बताइए कि आपका मनपसंद व्यक्ति या मित्र कौन है और उसके किन गुणों की वजह से वह आप का पसंदीदा है ?
अपने प्रिय मित्र के गुणों के बारे में बताते हुए 4- 5 वाक्य लिखिए ।

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

या

पानी के महत्व के बारे में बताते हुए **5** से **6** वाक्य लिखिए ।

_____

docs.aglasem.com

aglasem.com

_____

_____

_____

_____

_____
_
_____

खंड स **:** व्याकरण

प्रश्न 5. प्रश्नों को पढ़ कर उत्तर दीजिए ।


i) बुद्धि शब्द में मान जोड़ने से बुद्धिमान बन जाता है। इसी प्रकार से दिए शब्दों में निर्देशानुसार शब्द जोड़कर नया शब्द बनाइए। **(3 x 2 =6)**


बुद्धि+ मान = बुद्धिमान

माल+ दार=_____

कवि+ ता =_____

ii) दिए गए शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखिए**:**





docs.aglasem.com

aglasem.com

iii) समान तुक वाले शब्द लिखिए :

बादल :

शेर :

प्रश्न **6 :** निर्देशानुसार कीजिए (3 x 2 =6)

अ)निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

आसमान:

ब) नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं उनमें से सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए और उस पर गोला लगाइए

- अवाज आवाज़ आवज
- संदेह संदह सानंदेह

स) निम्नलिखित वाक्यों में से नाम वाले शब्द (संज्ञा शब्द) छांट कर लिखिए

संज्ञा

राजू को बहुत हंसी आई _____

मेरे पास बहुत सी किताबें हैं _____

खंड घ **:** पाठ्यपुस्तक

प्रश्न **7 :** दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए । **(4 x 2 = 8)**

झब्बर झब्बर बालों वाले

docs.aglasem.com

aglasem.com

गुब्बारे से कालो वाले
लगे दौड़ने आसमान में
झूम झूम कर काले बादल

अ) आसमान में कौन दौड़ते हैं**?**

_____

ब) बादल कैसे बालों वाले हैं **?**

_____

स) बादल परियों के जैसे क्यों लगते हैं **?**

_____

द) सूंड लगाए हुए बादल किसकी तरह लगते हैं **?**

_____

प्रश्न **8.** "जैसा सवाल वैसा जवाब" पाठ की दी गई पंक्तियों को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**.**

.(1 x 4 =4)

एक दिन ख्वाजा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए बहुत सोच विचार कर कुछ मुश्किल प्रश्न सोच लिए। उन्हें विश्वास था कि बादशाह के उन प्रश्नों को सुनकर बीरबल के छक्के छूट जाएंगे और वह लाख कोशिश करके भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाएगा। फिर बादशाह मान लेगा कि ख्वाजा सरा के आगे बीरबल कुछ नहीं है।

- ख्वाजा सरा क्या साबित करना चाहते थे?
- इसके लिए उन्होंने क्या तरकीब सोची?
- बीरबल के छक्के कैसे छूट जाएंगे?
- ख्वाजा सरा को किस बात का अभिमान था?

docs.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न **9.** सही कथन पर सही का निशान तथा गलत कथन पर गलत का निशान लगाइए । गलत कथन को सही करके लिखिए। **(4)**

- बादशाह के दरबार में बीरबल की ही तूती बजती थी । ( )
- कभी-कभी बादल बहुत जिद्दी बन जाते हैं। ( )
- बादल के थैले में बच्चों के लिए खेल खिलौने भरे हैं। ( )
- बीरबल के जवाबों को सुनकर ख्वाजा सराह बहुत खुश हुए। ( )

प्रश्न **10** आसमान में बादल अलग-अलग प्रकार के दिखाई देते हैं। आसमान के बादलों के बारे में सोच कर कोई कविता या कुछ वाक्य लिखिए । **(4)**

आप यह भी लिख सकते हैं कि बादल किस किस प्रकार के दिखाई देते हैं और क्यों दिखाई देते हैं





या

यदि आप ख्वाजा सरा की जगह होते हैं तो बीरबल को हराने के लिए कौन-कौन से सवाल पूछते?

कोई दो सवाल सोच कर लिखिए और साथ में यह भी लिखिए की बीरबल उन सवालों के क्या उत्तर देते हैं

docs.aglasem.com

aglasem.com